**ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों की हालत जर्जर**

**गोंदिया**-तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश सड़कों पर दुर्घटनाओं में भारी वृद्धि देखी गई है. कब ग्रामीण इलाकों की सड़कों की किस्मत चमकेगी ऐसा सवाल किया जा रहा है. तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें काफी हद तक जर्जर हैं. पता चला कि कई गांवों में जाने के लिए सड़क ही नहीं है. गांव की सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं.


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**




वर्ष : 4 | अंक : 45 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 20 जून से 26 जून 2024 — ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5

## 17 वर्षीय नाबालिग युवक उज्जवल मेश्राम की धारधार हथियार से हत्या 1 आरोपी गिरफ्तार1 फरार




**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले भीम नगर निवासी 17 वर्षीय नाबालिग युवक उज्जवल उर्फ दादू निशांत मेश्राम की आंबेडकर भवन कुंभारे नगर में 18 जून की रात 09:30 बजे से 09..50 बजे के दौरान 2 अज्ञातो द्वारा धारदार हथियार से हमला कर जघन्य हत्या कर दी थी। इस मामले में शहर पुलिस द्वारा 1 आरोपी को गिरफ्तार किया वह 1 फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। गोंदिया शहर पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले भीमनगर मैत्रेय बुद्ध विहार के पीछे के निवासी उज्जवल उर्फ दादू निशांत मेश्राम उम्र 17 वर्ष नामक युवक को 18 जून की रात 9:30 से 9:50 के दौरान 20 से 22 वर्ष की आयु के दो अज्ञात आरोपियों द्वारा आपसी साठगाठ कर आंबेडकर भवन कुंभारे नगर गोंदिया के परिसर में अज्ञात कारणों को लेकर धारदार हथियार से उसके शरीर पर वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया जिसमें उसकी मौत हो गई। इस की शिकायत मृतक की बहन फरियादी मंजू निशांत मेश्राम द्वारा शहर पुलिस थाने में दर्ज करवाई पुलिस ने भादवी की धारा 302,34 के तहत मामला दर्ज किया। हत्या जैसे मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले , अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा द्वारा इस हत्याकांड में शामिल आरोपियों की तलाश कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश लोकल क्राइम ब्रांच वह गोंदिया शहर पुलिस थाने के निरीक्षक को दीया । वरिष्ठ अधिकारियों के दिशानिर्देश व आदेश प्राप्त होने पर उप विभागीय अधिकारी रोहिणी बनकर के मार्गदर्शन में लोकल क्राइम ब्रांच के पुलिस निरीक्षक दिनेश लबदे व शहर पुलिस निरीक्षक चंद्रकांत सूर्यवंशी के नेतृत्व में पथक निर्माण कर उपरोक्त प्रकरण की जांच शुरू की. जिसमें गुप्त जानकारी के आधार पर तथा घटनास्थल के परिसर में पूछताछ करने पर इस प्रकरण में शामिल अंकित घनश्याम गुर्वे उम्र 22 वर्ष सिंगल टोली आम्बेडकर वार्ड शिव मंदिर के समीप निवासी को गिरफ्तार किया गया तथा दूसरा साथी आरोपी राहुल प्रशांत शेंडे उम्र 21 वर्ष निवासी सिंगल टोली आंबेडकर वार्ड जो फरार हो गया उसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

पुलिस द्वारा प्राथमिक पूछताछ में यह हत्याकांड पुराने विवाद को लेकर किया गया था जिसमें आरोपियों द्वारा मृतक की छाती पर वह शरीर के अन्य हिस्सों पर धारदार हथियार चाकू से हमला कर उसकी हत्या की। उपरोक्त मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक कदम गोंदिया शहर द्वारा मामले की जांच की जा रही है। यह जानकारी शहर पुलिस थाने में आयोजित पत्र परिषद में उप विभागीय पुलिस अधिकारी रोहिणी बनकर द्वारा दी गई। उपरोक्त मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश वह मार्गदर्शन में उप विभागीय पुलिस अधिकारी गोंदिया रोहिणी बनकर के नेतृत्व में लोकल क्राइम ब्रांच के पुलिस निरीक्षक दिनेश लबदे के नेतृत्व में स.पो.नि. विजय शिंदे, पो.हवा. राजू मिश्रा, महेश मेहर, भुवनलाल देशमुख, चित्तरंजन कोडापे, प्रकाश गायधने, इंद्रजित बिसेन, रियाज शेख, विनोद गौतम, घनश्याम कुंभलवार, लक्ष्मण बंजार तथा शहर पो. नि. चंद्रकांत सूर्यवंशी, के नेतृत्व स.पो.नि. सोमनाथ कदम, पोउपनि थेर, पो.हवा. जागेश्वर उईके, सुदेश टेंभरे, निशिकांत लोदासे, दिपक रहांगडाले, सतिश शेंडे, प्रमोद चव्हाण, पोशि दिनेश बिसेन, मुकेश रावते, सुभाष सोनवाने, कुणाल बारेवार, द्वारा मामले का खुलासा किया गया। एक सप्ताह में दूसरी हत्या की घटना गोंदिया शहर में आए दिन हत्या जैसे गंभीर मामले घटित हो रहे हैं गोंदिया शहर पुलिस थाना अंतर्गत एक सप्ताह में ही यह दूसरा हत्या का मामला घटित हुआ है जिसमें गत सप्ताह छोटा गोंदिया परिसर में महेश दखने नामक युवक की हत्या की गई थी तथा 18 जून को भीम नगर परिसर में एक नाबालिक युवक की हत्या की गई है। जिसके चलते शहर अब जघन्य हत्या जैसी घटनाओं को लेकर आए दिन सुर्खियों में बना रहता है। जिससे अब अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी होगी जिससे हत्याओं पर कुछ हद तक लगाम लगाई जा सके।

## वन्य जीव के हमले में चार पालतू मवेशियों की मौत एक जख्मी

**बुलंद गोंदिया। ( संवाददाता अर्जुनी मोरगांव )**- गोंदिया जिले के अर्जुनी मोरगांव तहसील के अनेक ग्राम संरक्षित वन क्षेत्र लगे हुए हैं जिसमें आए दिन वन के हिंसक वन्य जीव ग्राम में पहुंचकर पालतू मवेशियों को अपना शिकार बना लेते हैं इसी प्रकार का एक मामला 15 जून को सामने आया जिसमें तीन अलग-अलग घटना में चार पालतू मवेशियों का शिकार वन्य जीव द्वारा किया गया तथा एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।





प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्जुनी मोरगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले मालकनपुर के कक्ष क्रमांक 257 में वन्य जीव द्वारा हमला कर ईटखेड़ा के संभाजी नगर निवासी शंकर तुकाराम बागड़कर की एक गोरा वह गाय पर हमला किया जिनमें उन दोनों की मौत हो गई तथा एक बैल गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दूसरा मामला मालकनपुर के बीच कक्ष क्रमांक 256 बी के बीच वन्य जीव द्वारा मालकनपुर निवासी सदानंद पाटणकर की एक गौरे पर हमला किया। तीसरे मामले में जितेंद्र नामदेव कल्लारी के गोरे पर हमला कर वन्य जीव ने मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह हमला शेर द्वारा किया गया है। वन्य प्राणियों में शेर जैसे वन्य जीव द्वारा हमले किए जाने पर आसपास के परिसर में दहशत का वातावरण निर्माण हो गया है तथा इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई है।

## घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को राहत राज्य सरकार ने स्मार्ट मीटर पर लगाई रोक

### प्रीपेड बिजली मीटर पर रोक लगाने पर पूर्व मंत्री डॉ. फुके ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री का माना आभार




**बुलंद गोंदिया।** राज्य के आम बिजली उपभोक्ताओं को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार ने घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रीपेड बिजली मीटर के संबंध में राहत देते हुए स्मार्ट मीटर लगाने के निर्णय को रद्द कर दिया है। सरकार के इस जनहितकारी निर्णय पर पूर्व मंत्री एवं भंडारा-गोंदिया जिले के पूर्व पालकमंत्री डॉ. परिणय फुके ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पूर्व मंत्री डॉ. फुके ने हाल ही में उपमुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री देवेन्द्र फड़नवीस से नागपुर स्थित उनके आवास पर मुलाकात की थी और स्मार्ट प्रीपेड मीटर के बारे में चर्चा की थी। इस चर्चा के बाद हुए सकारात्मक निर्णय के बाद आम आदमी को सरकार से राहत मिली है. फुके ने कहा, स्मार्ट मीटर योजना जुलाई 2020 में लायी गयी। इसका उद्देश्य बिजली वितरण के दौरान संभावित नुकसान को कम करने या रोकने के साथ-साथ बिजली वितरण कंपनियों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सूचकांक को बढ़ाने, मानवीय त्रुटियों को कम करने, और ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने को लेकर था। हालांकि, स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर घरेलू उपभोक्ताओं में नाराजगी और बेचैनी को देखते हुए उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस से संदर्भ में चर्चा की गई थी, जिस पर सरकार ने सकारात्मक निर्णय लिया।अब यह योजना सिर्फ राज्य के सरकारी कार्यालयों के लिए लागू की जाएगी। जबकि, घरेलू बिजली खपत के लिए बिजली उपभोक्ताओं को राहत देते हुए घरों में स्मार्ट मीटर नहीं लगेगा, इस पर रोक लगा दी गई है. इस फैसले से घरेलू बिजली उपभोक्ताओं में खुशी का माहौल है और उन्होंने महाराष्ट्र सरकार समेत पूर्व मंत्री डॉ. परिणय फुके का आभार व्यक्त किया।

## राकां के प्रतिनिधि मंडल ने अनिल देशमुख से की भेंट



**आमगांव**-पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख के निवास स्थान पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पक्ष शरद पवार के जिला सचिव तीरथ येटरे, जिला उपाध्यक्ष बालू वंजारी, विधानसभा प्रभारी घनश्याम रहांगडाले, तहसील अध्यक्ष भूमेश शेंडे, तहसील सचिव रवि शेंडे ने भेंट दी तथा ओबीसी विद्यार्थी का छात्रावास 1 जुलाई से जल्द से जल्द निधि दिलाकर शुरू किया जाए. आमगांव नगर परिषद के संदर्भ में जो उच्च न्यायालय में पिछले 10 वर्षों से विभिन्न केस लंबित है. उसको आगामी विधानसभा सत्र में उठाने के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की गई.

## होर्डिंग निकलते समय युवक को लगा करंट हुई मौत जिम्मेदार कौन?

### गोंदिया विधानसभा सामाजिक व्हाट्सएप ग्रुप ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग





**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर पुलिस थाना अंतर्गत सिविल लाइन हनुमान मंदिर परिसर में 18 जून की रात 11.00 बजे के दौरान विद्युत पोल पर लगी होर्डिंग को निकालने के दौरान आकाश नागरीकर नामक युवक को करंट लगा बड़ा जिससे उसकी मौत हो गई इस मामले में दोषी कौन इस पर प्रश्न निर्माण निर्माण हो रहा है तथा इस गंभीर मामले में गोंदिया विधानसभा व्हाट्सएप सामाजिक ग्रुप द्वारा दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर नगर परिषद में धरना दिया तथा पीड़ित परिवार को ग्रुप के माध्यम से आर्थिक मदद का अभियान चलाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल लाइन हनुमान चौक के समीप चौक चौपाटी परिसर में इलेक्ट्रिक पोल पर लगी होर्डिंग को18 जून की रात 11:00 बजे के दौरान छोटा गोंदिया निवासी आकाश नागरीकर उम्र 25 वर्ष होर्डिंग निकल रहा था इसी दौरान लोहे की फ्रेम की होर्डिंग विद्युत तारों से टकरा गई जिससे उसे जबरदस्त करंट लगा व नीचे गिर पड़ा जिसे उपचार के लिए जिला शासकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा जांच के पश्चात उसे मृत घोषित कर दिया गया इस मामले में दोषी कौन यह एक बड़ा गंभीर प्रश्न निर्माण हो रहा है। इसमें दोषी होर्डिंग लगाने वाला प्रिन्टर , होर्डिंग में अपना प्रचार करने वाला , नगर परिषद प्रशासन या महावितरण है।

### किस पर हो मामला दर्ज?

शहर में चल रहे अवैध होर्डिंग में तो नियमानुसार यह सभी दोषी है तथा सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार इन सभी पर मामला दर्ज होना चाहिए।

### गोंदिया विधानसभा व्हाट्सएप सामाजिक ग्रुप ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग

गोंदिया शहर के अंतर्गत बड़े पैमाने पर अवैध रूप से होर्डिंग लगाई जाती है जिससे अनेक दुर्घटना घटित होती है। आए दिन वाहन चालक भी होर्डिंग के चलते जख्मी होते हैं तथा हवा तूफान आने पर मार्गों पर गिरने वाली होर्डिंग भी जानलेवा साबित हो रही है. इस मामले में विधानसभा ग्रुप के सदस्यों द्वारा गोंदिया नगर परिषद के प्रशासकीय अधिकारी को निवेदन देकर दोषी अधिकारियों कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।




पीड़ित गरीब परिवार को आर्थिक मदद का अभियान गोंदिया विधानसभा व्हाट्सएप सामाजिक ग्रुप द्वारा छोटा गोंदिया निवासी आकाश नागरीकर की होर्डिंग निकलते समय मौत हो गई जो मजदूरी का कार्य करता था। इस गरीब परिवार को आर्थिक मदद देने के लिए गोंदिया विधानसभा व्हाट्सएप ग्रुप द्वारा विशेष पहल कर अभियान चलाया जिसमें पीड़ित परिवार को एक बड़ी राशि आर्थिक सहायता के रूप में जन सहयोग के माध्यम से दी जा रही है।

### महावितरण नहीं करता कार्रवाई

गोंदिया शहर में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से चल रही कोचिंग क्लासेसके प्रचार , राजनीतिक दलों के नेता, छूट भैया कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न अवसरों पर जन्मदिन शुभकामनाएं आदि देने के लिए बड़े पैमाने पर होर्डिंग लगाई जाती है शहर में लगने वाली अवैध होर्डिंग के संदर्भ में गोंदिया नगर परिषद प्रशासन द्वारा अनदेखी की जाती है साथ ही उच्च सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों को भी पालन नहीं किया जाता जिससे अवैध होर्डिंग की भरमार आए दिन दिखाई देती है किंतु हालांकि कुछ अवसरों पर दिखावे के लिए प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाती है लेकिन वही ढाक के तीन पात वाली स्थिति निर्माण हो जाती है। साथ ही बड़े पैमाने पर शहर के विद्युत पोलों पर होर्डिंग लगाई जाती है जिस पर महावितरण द्वारा कारवाई किया जाना चाहिए लेकिन महावितरणविद्युत विभाग द्वारा भी कार्रवाई नहीं की जाती जिससे विद्युत पोलों परहोर्डिंग लगाने वालों के हौसले बुलंद रहते हैं। होर्डिंग जॉन का पालन नहीं अवैध कमाई का बड़ा जरिया होर्डिंग लगाने के लिए गोंदिया नगर परिषद द्वारा होर्डिंग जोन बनाए गए हैं लेकिन उन होर्डिंग जोन में होल्डिंग ना लगाते हुए शहर के सभी स्थानों पर बड़े पैमाने पर लगाई जाती है जिसके लिए नगर परिषद को टैक्स देना होता है लेकिन होर्डिंग लगने वाले कुछ होर्डिंग का टैक्स जमा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की जेब गर्म कर मंजूरी से अधिक अवैध होर्डिंग लगाई जाती है जो विभिन्न हादसों का कारण बनती है।

### मार्गो के किनारे की होल्डिंग से वाहन दुर्घटनाग्रस्त

मार्गो के किनारे वह मोड पर होर्डिंग लगाई जाती है जिससे विपरीत दिशा से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते वह आए दिन इस प्रकार मार्गो के मोड पर या किनारो पर दुर्घटना घटित होती है इसका जिम्मेदार कौन।

## संपादकिय...

# उपचुनाव के लड्डू

समाज में सियासत और सियासत में समाज की पड़ताल में चुनावों का वर्तमान परिदृश्य, पुनः हिमाचल के तीन विधानसभा क्षेत्रों के मुहाने पर खड़ा है। चुनावों की वजह जो भी रही हो, मतदान की परिभाषा में समाज का नए सिरे से अवलोकन होगा। जिस समाज ने पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टियों के उम्मीदवारों को दरकिनार करते हुए निर्दलीयों को अपनाया, वही अब अलग मोर्चे पर कहीं अलग निशान और निशाने देख रहा है। भाजपा ने अपने हाथों पर तीनों निर्दलीयों के नाम खुदवाकर मतदाता की कचहरी में निर्दोष होने की गवाही दी है, तो कांग्रेस के महाप्रयास में मिसरी की डलियां चुन-चुन कर रखी जा रही हैं। हमीरपुर से डाक्टर पुष्पिंदर और नालागढ़ से हरदीप सिंह बावा कांग्रेस की स्वाभाविक पसंद साबित हुए हैं, जबकि देहरा में पेंच व पड़ताल के बीच मुख्यमंत्री की पत्नी कमलेश ठाकुर का नाम एक टर्निंग प्वाइंट है और जहां वकालत व वसीहत का फैसला, राजनीतिक इतिहास का अहम मोड़ है। उपचुनावों के दूसरे चरण में भाजपा की चरण पादुकाएं थामे कल तक के निर्दलीय आज पार्टी के बीच आकर, चुनावी फिल्म के मध्यांतर के बाद अपनी कहानी को मुकम्मल करना चाहेंगे। हालांकि इनकी जीत-हार से प्रदेश की राजनीति में कोई बड़ा नफा या नुक्सान किसी तरफ नहीं हो रहा है, फिर भी ये मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की हैसियत में अहम मोड़ तो रहेंगे ही। कांग्रेस की जीत-हार पहले भी छह उपचुनावों के गणित में मुख्यमंत्री के लिए एक शगुन की तरह थे और अब भी ये तीन मकसद हिमाचल में सरकार की हिफाजत में अवसर प्रदान कर रहे हैं। यह दीगर है कि जिस ढर्रे पर राजनीति चल रही है, वहां मतदाता की कसौटियां भी अस्पष्ट होती जा रही हैं। अगर भाजपा तक पहुंचे निर्दलीय पुनः जीत हासिल करते हैं, तो यह पिछले चुनाव की अमानत में जनता का विश्वास अर्जित करेगा, वरना सारे समीकरण सत्ता की भक्ति में लीन माने जाएंगे। जाहिर तौर पर चुनाव का लड्डू सभी को आकर्षित कर रहा है, लेकिन जनता अपनी महत्त्वाकांक्षा की हिफाजत में दो टूक बात कर सकती है। इन उपचुनावों के रोचक पहलू मुख्यमंत्री के पास सरकार के अधिकार और सत्ता की पुकार में निहित हो सकते हैं। यह इसलिए कि दो उपचुनावों के दायरे में पुनः हमीरपुर संसदीय क्षेत्र अपनी परीक्षा के संदर्भ बदल रहा है। हालांकि लोकसभा के मायनों में पहले ही हमीरपुर की पसंद भाजपा यानी अनुराग ठाकुर रही है, फिर भी इस बार उपचुनावों की मंशा में आशाओं का फलीभूत होना, एक अलग पैरवी की तरह है। अगर सुजानपुर में 'एक वोट प्रधानमंत्री, एक वोट मुख्यमंत्री' परवान चढ़ सकता है, तो इस बार हमीरपुर की अस्मिता का सवाल सुखविंदर सुक्खू के नजदीक नहीं होगा, यह कठिन पहेली नहीं हो सकता। उपचुनाव की किश्ती देहरा के पत्तन पर होशियार सिंह को फिर से बैठने देती है।

# सावधान! बच्चों की पहुंच तक आ चुका नशे का जहर

## नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस - 26 जून 2024

आज के आधुनिक युग में हम कहने को उन्नत हो रहे है, लेकिन संस्कार, जिम्मेदारी, आदरभाव, अपनापन, प्रेम, करुणा, दया भाव, नैतिकता जैसे शब्दों का कोई मोल नज़र नहीं आता। समाज में लगातार अराजकता फ़ैल रही है जिससे, सामाजिक समस्याएँ और अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। इसके प्रमुख कारणों में से एक नशाख़ोरी है। एक समय था जब हम हशीश, गांजा, कोकीन जैसे खतरनाक नशीले जहर के बारे में केवल सुनते थे और फिल्मों में देखते थे, लेकिन अब ये नशा हमारे अपने लोगों तक भी पहुंच गया है और स्कूल-कॉलेज जाने वाले किशोर इस नशे के आदी होकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। हर दिन मादक पदार्थो की तस्करी की खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, युवावर्ग तेजी से नशे के प्रति आकर्षित हो रहा है। हुक्का बार, पब, पार्टी का चलन खूब बढ़ रहा है। इस समस्या में सबसे बड़ी ग़लती अभिभावको की नजर आती है, जो आज की युवापीढ़ी को योग्य संस्कार और बेहतर परवरिश देने में नाकाम हो रही है। अक्सर सड़क किनारे, फुटपाथ पर, निर्जन स्थलों पर, खंडहरनुमा मकानों या गलिच्छ बस्तियों में बच्चें से लेकर बड़े तक नशा करते हुए दिखते है। छोटे-छोटे बच्चे भी घातक रसायन, पेट्रोल, सैनिटाइजर, व्हाइटनर, खांसी की दवा, दर्द निवारक, गोंद, पेंट, गैसोलीन सुंघकर नशा करते है, बहुत बार, अभिभावक बच्चों की ऐसी हरकतों को देखकर भी नजरअंदाज कर देते है, जो कि घातक है। देश में 10-17 वर्ष की आयु के लगभग 15.8 मिलियन बच्चे मादक पदार्थों के आदी हैं। वैश्विक मादक पदार्थों की तस्करी का कारोबार 650 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो कुल अवैध अर्थव्यवस्था का 30 प्रतिशत है। हर साल शराब ही दुनिया भर में 2.3 मिलियन मौतों के लिए जिम्मेदार है।

बचपन से महंगे शौक, जिद, गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड का चलन, आधुनिकता की जगमगाहट, झूठा दिखावा और फिल्मों, सोशल मीडिया का बच्चों के दिमाग पर बुरे असर ने नशे के प्रति किशोरों के आकर्षण को तीव्र कर जीवन में जहर घोल दिया है। कुछ दिन पहले महाराष्ट्र राज्य के पुणे शहर में एक करोड़पति बिल्डर के नाबालिग नशेड़ी लड़के ने अपनी पोर्श कार से दो अभियांत्रिकी युवाओं को कुचल दिया था, फिर भी बड़े रसूखवाले इस बिल्डर पिता ने अपने अपराधी लड़के को बचाने के लिए भरसक प्रयास किये, चार महीने पहले महाराष्ट्र के नागपुर में बड़े उद्योगपति संभ्रांत परिवार की बहू ने नशे की हालत में अपनी कार से आधी रात में दो युवा इंजीनियरों को मौत के घाट उतार दिया, अब फिर नागपुर में रात में इंजीनियरिंग के छात्र ने शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए फुटपाथ पर सो रहे 9 लोगों को कुचल दिया। आजकल के अभिभावक ही अपने जिम्मेदारियों को समझ नही रहे है, रोज नशे से संबंधित अपराधों की ख़बरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, कोई युवा नशे के लिए अपने अभिभावकों को मौत के घाट उतार देते है, तो कोई बच्चे नशे की हालत में क्राइम कर रहे है। अभिभावकों का लगातार व्यस्त रहना, बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान न देना, बच्चों पर नियंत्रण न होना, बच्चों की गलतियों को हमेशा नजरअंदाज करना, केवल महंगे संसाधन या भौतिक सुविधा देना, अति लाड प्यार कर बच्चों की हर जिद पूरी करना ही अभिभावकों ने अपनी जिम्मेदारी समझी है, अपितु बच्चों को समय देना, उनके कार्यकलापों में सहभागी होना, बच्चों का दोस्त बनकर जीना अहम जिम्मेदारी है।

हर साल 26 जून को नशे के प्रति जागरुकता और मादक पदार्थो की तस्करी के रोकथाम के लिए नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस विश्वभर में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम सबूत स्पष्ट हैं: रोकथाम में निवेश करें यह है। आज विश्व में सबसे बड़ा युवाओं का देश भारत है, युवाओं को संभालकर योग्य दिशा में अग्रसर करना ही देश का विकास है। मीडिया के माध्यम से हमेशा यह पता चलता है कि नशीली दवाओं की तस्करी के लिए किशोरों का उपयोग किया जा रहा है, ऐसे गलत काम करने के लिए पैसे का लालच दिया जा रहा है, ताकि स्कूल और कॉलेज जाने वाले बच्चे भी नशीली दवाओं के जहर के संपर्क में आसानी से आ जाएं। जिन होनहार युवाओं के भरोसे देश का उज्वल भविष्य टिका है वो नशे में अपना वर्तमान और सुनहरा भविष्य अंधकारमय बना रहे है और आनेवाली पीढ़ी के रूप में देश को खोखला, बीमार, कमजोर, अविकसित, समस्याग्रस्त, आपराधिक प्रवृत्ति का युवा सौंप रहे हैं।

ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार, 2017 में दुनिया भर में अवैध दवाओं से लगभग 7.5 लाख लोगों की मौत होने का अनुमान है। एम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इनहेलर के नशे में करीब 18 लाख वयस्क और 4.6 लाख बच्चे बुरी लत की श्रेणी में आते हैं। पंजाब में कुल कैदियों में से कम से कम 30 प्रतिशत अवैध मादक पदार्थ रखने के आरोप में जेल में सजा काट रहे हैं। सरकारी रिपोर्ट बताती है कि, 2018 में भारत में 2.3 करोड़ ओपिओइड नशेड़ी थे, जो 14 वर्षों में पांच गुना वृद्धि है। एक एनजीओ सर्वेक्षण बताता है कि भारत में उपचार की आवश्यकता वाले 63.6 प्रतिशत मरीज 15 वर्ष से कम उम्र के हैं। ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय रिपोर्ट अनुसार, भारत में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन में शामिल लगभग 13 प्रतिशत लोग 20 वर्ष से कम उम्र के हैं। भारत देश में हर साल 20 मिलियन बच्चे और हर दिन लगभग 55,000 बच्चे तंबाकू के आदी होते है और अमेरिका में हर दिन धूम्रपान करने वाले 3000 नए बच्चों के मुकाबले यह संख्या भयावह है।

घरेलू अल्कोहल पेय उद्योग में 8-10 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड 2023 की वार्षिक रिपोर्ट अनुसार, दुनिया के 39त्न अफीम उपयोगकर्ता दक्षिण एशिया में रहते हैं। वैश्विक स्तर पर हेरोइन बाजार 430-450 टन के वार्षिक प्रवाह को दर्शाते हैं। भारतीय सेना द्वारा 2018 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जम्मू कश्मीर में लगभग 40त्न युवा किसी न किसी रूप में नशे की लत से पीड़ित हैं, जो 2008 में 5त्न से कम था। भारत में पिछले एक दशक में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और शराब की लत के कारण आत्महत्या करने वालों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। विश्व ड्रग रिपोर्ट 2023 अनुसार, वैश्विक स्तर पर, 2021 में 296 मिलियन से अधिक लोगों ने नशीली दवाओं का उपयोग किया, जो पिछले दशक की तुलना में 23 प्रतिशत की वृद्धि है। इस बीच, नशीली दवाओं के उपयोग संबंधी विकारों से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़कर 39.5 मिलियन हो गई है, जो 10 वर्षों में 45 प्रतिशत की वृद्धि है। अफ्रीका में, उपचाराधीन 70 प्रतिशत लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं। विश्व स्तर के साथ भारत देश में नशे का कारोबार बहुत तेजी से बढ़ रहा है, नशा इंसान को जिन्दा लाश बना कर रख देता है और बुराइयों, अपराध, नकारात्मक विचारों को बढ़ावा देता है। नशे के कारण आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक और मुख्य रूप से शारीरिक, मानसिक क्षति होती है। आज के अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति अधिक सजग रहने की आवश्यकता है, अपने बच्चे अपनी जिम्मेदारी है, अभिभावकों का व्यस्तता का बहाना बच्चों के भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। बच्चों पर आंख मूंदकर भरोसा न करें, बच्चों को समय देना सीखें, बच्चों के सामने बड़ो का व्यवहार आदर्शात्मक होना चाहिए, बच्चे अपनी दिनचर्या कैसे बिताते है, किससे मिलते हैं, उनकी मित्रमंडली कैसी है, बच्चे बाहर खर्चा कहां करते है, यह सब अभिभावकों को पता होना चाहिए। आधुनिकता विचारों में होनी चाहिए, दिखावे में नहीं, इसलिए बच्चों को दुनियादारी, व्यवहार ज्ञान, अच्छे-बुरे की समझ अभिभावकों द्वारा मिलनी ही चाहिए। आज के समय में संस्कार, सत्य, नीतिमत्ता तेजी से विलुप्त हो रहे है, जो बच्चों के साथ अभिभावकों के लिए भी ये बेहद आवश्यक है। नशा छोड़े, जागरूक रहें, बच्चों को देश का उज्वल भविष्य बनने के लिए उन्हें बेहतर और पोषक वातावरण दें। अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर संगठन, सरकार, स्वयंसेवी संस्थान नशामुक्ति और मादक पदार्थों के तस्करी के विरुद्ध कार्य करते है। भारत सरकार के 卐नशा मुक्त भारत अभियान卐 के तहत राष्ट्रीय टोल फ्री नशा मुक्ति हेल्पलाइन 14446 पर संपर्क कर सकते है।

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

# आमगांव-गुदमा के मध्य स्थित समपार फाटक क्र. 499 स्थायी रूप से बंद

## रेलवे लेवल क्रासिंग पर संरक्षा के मद्देनजर व अनचाही हादसे रोकने के लिए कदम




**गोंदिया**-दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा संरक्षा के मद्देनजर व लेवल क्रॉसिंग पर होने वाले हादसों को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं. मंडल के अंतर्गत इस वर्ष कुल 32 मानव सहित रेलवे लेवल क्रॉसिंग को बंद कर इन के स्थान रोड अंडर ब्रिज / रोड ओवर ब्रिज / लिमिटेड हाइट सबवे आदि के निर्माण का लक्ष्य है ताकि रेल फाटकों पर ट्रैफिक जाम से छुटकारा सहित संरक्षा सुनिश्चित किया जा सकें. सभी मानव सहित रेलवे क्रॉसिंग पर हादसों को रोकने के लिए खासकर उन सभी मानवरहित लेवल क्रासिंग जिन पर हादसों की संभावना ज्यासदा बनी होती है उसे दूर करने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं. इसी क्रम में मंडल के अंतर्गत आमगांव-गुदमा रेल खंड के किमी 1982/19-21 पर स्थित मानव सहित समपार क्र. 499 को 21 जून से स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है और इस के स्थान पर समपार के निकट सड़क उपभोगकर्ताओं के लिए नव निर्मित लिमिटेड हाइट सबवे (रुाास) की सुविधा प्रदान की जा रही है ताकि सड़क यातायात सुरक्षित, सुगम व सुचारू हो सकें. संरक्षा के मद्देनजर वर्तमान में उपलब्ध कुल 204 सभी मानव सहित रेल समपारों को चरण बद्द तरीके से बंद कर दिया जाएगा तथा सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराई जाएगी ताकि दुर्घटनाओं की संभावनाएं पूरी तरह समाप्त हो सके. रेलवे क्रॉसिंग पर दुर्घटनाएं आमतौर पर सड़क उपयोगकर्ताओं की लापरवाही के कारण होती है और कई बार समपार उपयोगकर्ताओं द्वारा समपारों को पार करने संबंधी नियमों का पालन न करने के कारण अनचाही दुर्घटनाए घटती है. रेल प्रशासन द्वारा इन प्रयासों के फलस्वरूप निर्बाध गति से न केवल ट्रेन परिचालन को सुनिश्चित कर रही है बल्कि लेवल क्रॉस करने वाले व्यक्तियों, वाहनों आदि को भी निर्बाध गति व सुरक्षा के साथ ट्रेक क्रॉस करने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है. सुरक्षित व आरामदायक यात्रा अनुभव के साथ के तीव्र गति से बाधारहित ट्रेन परिचालन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का लक्ष्य है.

# सब्सिडी पर दिए जाएं बीज, गरीबों को पट्टे दें

## » जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस आक्रामक, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



**गोंदिया**- जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से 18 जून को जिले के नागरिकों की अनेक समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक निवेदन उपविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस निवेदन में विद्युत ग्राहकों के लिए प्री-पेड स्मार्ट विद्युत मीटर लगाने का कार्य बंद करने से संबंधित शासनादेश तत्काल जारी करने, सब्सिडी पर किसानों को पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध कराने, अतिक्रमणधारकों को पट्टे वितरित करने, रबी मौसम में धान की शासकीय खरीदी नहीं किए जाने के कारण किसानों को हुए नुकसान की भरपाई, मोरगांव अर्जुनी तहसील के पुर्नवसित नागरिकों के अतिक्रमण नियमित कर उन्हें वन विभाग की ओर से दी जाने वाली परेशानी दूर करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों को शासन की ओर से सब्सिडी पर बीज वितरित करने के लिए उपलब्ध होने की जानकारी ही किसानों को नहीं दी गई है। जिसके कारण जरूरतमंद किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

निवेदन में मुख्यमंत्री से जिले के नागरिकों की समस्याएं तत्काल हल करने की मांग की गई है। निवेदन सौंपते समय महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अमर वराडे, जिलाध्यक्ष दिलीप बंसोड़, रमेश अंबुले, एड. योगेश अग्रवाल, जहीर अहमद, सूर्यप्रकाश भगत, आशीष बंसोड़, राजकुमार पटले, अमर राहुल, मंथन नंदेश्वर सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।


# जलापूर्ति मंडल की टिल्लू पंप धारकों पर कार्रवाई



**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव तहसील के खांबी प्रादेशिक जलापूर्ति योजना के तहत बिडटोला गांव को पानी की आपूर्ति की जाती है. लंबे समय तक टंकी भरने के बाद भी कुछ लोगों को पानी की समस्या होने की शिकायत पर 17 जून को सुबह 7 बजे सुजल समिति के कर्मचारी व सचिव बिडटोला गांव में जांच करने गए तो पाया कि तीन परिवार टिल्लू पंप लगाकर पाइप लाइन से पानी निकाल रहे थे. टिल्लू पंप मालिक पर पांच हजार रु. का जुर्माना लगाया गया और पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई.

प्रादेशिक जलापूर्ति योजना के तहत तहसील के 14 गांवों में पानी की आपूर्ति की जाती है. जबकि उक्त 14 गांवों को उचित जलापूर्ति मिल रही थी, गर्मी के दिनों में कुछ नल धारकों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था, इसकी लगातार शिकायतें मिल रही थीं. इन शिकायतों के समाधान के लिए खांबी प्रादेशिक जलापूर्ति का एक प्रतिनिधिमंडल हर गांव में जाकर नलों की कमी, पानी की बर्बादी, एक परिवार से दो परिवारों तक पानी, बिना अनुमति के पानी का उपयोग, टिल्लू पंप का उपयोग जैसी स्थितियों की जांच कर रहा है. नल के पास गड्ढा खोदकर पानी पंप करना, ऐसा देखा गया कि ग्रामीण कुएं में नल का कनेक्शन चालू करने जैसे कई उपाय करके पानी का दुरुपयोग कर रहे थे. इसलिए खांबी प्रादेशिक जलापूर्ति योजना के तहत शामिल सभी गांवों में जांच शुरू करने के बाद जांच के पहला चरण बिडटोला गांवों में आयोजित किया गया. जब सभी निवासियों की जांच की गई, तो देखा गया कि तीन परिवार पंप की मदद से पानी खींच रहे थे. संस्था के सचिव कालिदास पुस्तोडे ने उन पर पांच हजार रु. का जुर्माना लगाया और पानी की आपूर्ति काट दी. इसलिए अब बिडटोला गांव के सभी नल धारकों को उचित पानी की आपूर्ति हो रही है.

# बोंडगांवदेवी-चान्ना मार्ग पर दिखाई दिया भालू सड़कों पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी



**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव तहसील के चान्ना खेत परिसर से बोंडगांवदेवी रोड पर एक भालू भटकते हुए दिखाई दिया. पानी की तलाश में निकला भालू गांव के पास खेतों में मिलने से किसानों और ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है. पिछले आठ दिनों से चान्ना खेत परिसर में एक भालू के घूमने की चर्चा थी. सोमवार शाम करीब 5 बजे बोंडगांवदेवी खेत परिसर में सड़क को पार करते हुए भालू ने भ्रमण शुरू किया. इस बीच जैसे ही ग्रामीणों की नजर इस पर पड़ी, चन्ना और बोंडगांवदेवी के नागरिक भालू को देखने के लिए बड़ी संख्या में एकत्र हो गए. ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन विभाग के कर्मचारियों को दी. सूचना मिलने पर परिक्षेत्र सहायक भंडारकर, बीट वन रक्षक सतीश राऊत, दिनेश मुनेश्वर ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और भालू को जंगल की ओर खदेड़ा.

# गिट्टी परिवहन करते 1 ट्रैक्टर, 3 टिप्पर जब्त

**गोंदिया**-आमगांव तहसील में पिछले सप्ताह रेत माफिया द्वारा तहसील कार्यालय में कार्यरत वाहन चालक ललित लेकचंद पटले से गालीगलौज करते हुए मारपीट की थी. जिसके बाद गौणखनिज की तस्करी करनेवालों के खिलाफ तहसीलदार द्वारा कड़ाई से कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं. घटना की शिकायत आमगांव पुलिस थाने में दर्ज भी कराई गई थी. साथ ही राजस्व कर्मियों ने उपविभागीय पुलिस अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की थी. इसके बाद तहसीलदार ने सख्त कदम उठाते हुए एक बैठक आयोजित कर गौणखनिज तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने विशेष पथक बनाया. निर्देश देते ही कर्मचारी भी एक्शन मोड पर आ गए और उन्होंने सितेपार गांव में नियमबाह्य तरीके से गिट्टी का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर व चिरचाड़बांध में 3 टिप्पर जब्त किए. नियमानुसार रेत का परिवहन करते समय आम नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से उसे तालपत्री से ढांककर परिवहन किया जाना चाहिए. जिसका पालन नहीं करने पर रेत से भरे एक टिप्पर पर भी कार्रवाई की गई. नियमबाह्य तरीके से गौणखनिज का परिवहन करने पर अधिकतम जुर्माना 1 लाख रु. तक लगाया जा सकता है. आरोपियों पर 1 लाख 55 हजार रु. के करीब जुर्माना लगाए जाने की जानकारी भी मिली है. यह कार्रवाई नायब तहसीलदार सी.एस. गजभिये, यू.एफ. सिंधीमेश्राम, आर.एस. गुप्ता, इ.जी. बिसेन, डब्ल्यू.एस. शेख व के.डी. बागड़े ने की है.



# हर हाथ को मिले काम यह हमारा दायित्व -विधायक विनोद अग्रवाल



**बुलंद गोंदिया।** मनरेगा के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। फिर भी स्थानीय नागरिकों को रोजगार की तलाश में शहर की ओर पलायन करना पड़ता है। इसलिए नागरिकों को स्थानीयस्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। विधायक विनोद अग्रवाल ने सुझाव दिया कि मनरेगा के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को रोजगार मिलना चाहिए। स्थानीय पंचायत समिति में विधायक विनोद अग्रवाल की उपस्थिति में मनरेगा को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गयी. बैठक पंचायत समिति सभापति मुनेश रहांगडाले की अध्यक्षता में हुई। इस सभा में तहसील में चल रहे सभी कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें घरकुल, महाराष्ट्र जल प्राधिकरण के तहत पाइपलाइन कार्य, पांदन सड़क खड़ीकरण, सीमेंट सड़कें, नालियां, बांधकाम जैसे विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई। सीमेंट कार्य में उचित गुणवत्ता बनाये रखने तथा इसकी निगरानी करने के निर्देश भी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये गये। विधायक विनोद अग्रवाल ने यह भी सुझाव दिया कि भूमिगत पाइपलाइन के काम के कारण कई सड़कें खराब हो गई हैं, इसलिए काम में तेजी लायी जाये और उसे तुरंत पूरा किया जाये। मनरेगा कार्य में कुशल एवं अकुशल वर्गों के बीच धनराशि का वितरण किया जाता है, जिसमें अकुशल कार्य के लिए धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे मजदूरों के खाते में जमा की जाती है और कुशल कार्य एवं सामग्री आपूर्ति के बिल जमा किए जाते हैं और फिर धनराशि के वितरण का आदेश दिया जाता है। इस कारण कई बार तकनीकी दिक्कतों के कारण कुशल कामों की निधि का वितरण नहीं हो पाने के कारण कुशल कार्य एवं सामग्री वितरण के बिल प्रलंबित हो जाते हैं। इसीलिए इन कार्यों को अक्सर चालू कार्यों की सूची में दिखाया जाता है। ऐसी कई तकनीकी दिक्कतें उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने विधायक के समक्ष रखीं। विधायक विनोद अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि इसका तत्काल समाधान निकालने का प्रयास किया जायेगा। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता सभापति मुनेश रहांगडाले ने की व इस अवसर पर विधायक विनोद अग्रवाल, उपसभापति नीरज उपवंशी, खंड विकास अधिकारी पिंगले, सहायक कार्यक्रम अधिकारी रहांगडाले, मदवि एवं मनरेगा विभाग के तकनीकी सहायक एवं सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत के 22 कार्यों की सीमा पर निर्णय लिया जाएगा

वर्तमान में मनरेगा ऑनलाइन प्रणाली के अनुसार एक ग्राम पंचायत में एक समय में केवल 22 कार्य प्रारंभ करने की सीमा है। यह प्रणाली उन ग्राम पंचायतों को काली सूची में डालने की सुविधा प्रदान करती है जिनमें एक समय में 22 कार्य चल रहे होते हैं। लेकिन उपस्थित अधिकारियों ने विधायक विनोद अग्रवाल के सामने समस्या रखी कि चूंकि जो काम पूरे हो चुके हैं और उन कामों के बिल जारी नहीं हुए हैं, उन्हें भी ऑनलाइन सिस्टम में चल रहे कामों में गिना जाता है, इसलिए नए काम शुरू नहीं किए जा सकते. इसलिए कई ग्राम पंचायतों को नए कार्य शुरू करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को समझते हुए तत्काल मनरेगा विभाग के आयुक्त से संपर्क कर तत्काल समाधान योजना बनाने का अनुरोध किया गया. उन्होंने आश्वासन दिया कि जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं और उनके बिल प्रलंबित हैं तथा ऑनलाइन सिस्टम में चालू कार्यों में गिने जाते हैं, उन्हें इससे बाहर करने के लिए तकनीकी सहायक आयुक्त विभाग से जानकारी प्राप्त कर शीघ्र ही कदम उठाए जाएंगे।

# 110 पुलिस सिपाही के रिक्त पदों के लिए 8026 आवेदन

### 19 जून से पुलिस मुख्यालय में भर्ती प्रक्रिया होगी शुरू-पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिला पुलिस विभाग में पुलिस सिपाही के 110 रिक्त पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया 19 जून से जिला पुलिस मुख्यालय में शुरू होगी इसके लिए 8026 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें 5652 पुरुष व 2372 महिलाओं के साथ 2 तृतीय पंथी उम्मीदवारों का समावेश है। यह भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष व पारदर्शिक तरीके से पूर्ण करने के लिए 70 कैमरे लगाए गए हैं इस प्रकार की जानकारी 17 जून को आयोजित पत्र परिषद में जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले द्वारा दी गई। आगे उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यह भर्ती प्रक्रिया 14 दिनों तक चलेंगी जिले के 110 पुलिस सिपाही के रिक्त पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया में लगभग 200 से अधिक पुलिस अधिकारी व कर्मचारीयो की नियुक्ति की गई है तथा 60 सीसीटीवी कैमरे तथा 10 वीडियो रिकॉर्डिंग कैमरे इस प्रकार 70 कैमरो की निगरानी में यह प्रक्रिया पारदर्शिक तरीके से होगी।

जिसमें पुरुष विद्यार्थियों के लिए 1600 मीटर व महिला विद्यार्थी 800 मी की दौड़ सहित गोला फेक, लंबी कूद आदि मैदानी फिटनेस टेस्ट की परीक्षा देंगे साथ ही बारिश के मौसम को देखते हुएशारीरिक जांच में हिस्सा ले रहे उम्मीदवारों के लिए एक रिजर्व दिन रखा गया है। जिस दिन बारिश नहीं होगी उसी दिन सभी शारीरिक जांच परीक्षा की जाएगी तथा मैदानी फिटनेस को छोड़कर बाकी सभी फिजिकल टेस्ट के लिए पंडाल की व्यवस्था की गई है। इस दौरान शरीर में पानी की कमी ना हो इसके लिए पुलिस विभाग के माध्यम से ग्लूकोज पानी, फल केला उपलब्ध कराए जाएंगे साथी परीक्षण स्थल पर चिकित्सकों की भी नियुक्ति की गई है।

भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शिक तरीके से बनाने के लिए शारीरिक परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को 25 25 के ग्रुप में रखा जाएगा तथा उनके सामने ही सभी प्रतियोगिता के नंबर दिए जाएंगे तथा मेरिट लिस्ट के आधार पर उम्मीदवार उनका चयन किया जाएगा तथा वहीं इस समय विद्यार्थियों के हस्ताक्षर लिए जाएंगे तथा वह लिखित परीक्षा का मैं शामिल हो सकेंगे।

इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को एक कड़ा संदेश देते हुए जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगके ने कहा कि वह किसी को भी किसी भी प्रकार के अतिरिक्त मार्ग नहीं दे सकते तथा कोई भी जुगाड़ या व्यवस्था जैसे या कोई नौकरी लगवा देता हूं ऐसे झांसे में ना आए तथा उम्मीदवार अपनी काबिलियत वह फिटनेस पर ध्यान दें। यदि कोई व्यक्ति प्रलोभन देकर नौकरी लगवा दूंगा कहता हे तो तो इसकी शिकायत समीप के पुलिस थाने में करें जिसकी शिकायत करने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी इस प्रकार का आवाहन पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया है।

उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा सभी उप विभागीय पुलिस अधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक व कर्मचारी तैनात रहेंगे।

# आखिर घोटालेबाजों ने नहीं ली ग्रामसभा



**सालेकसा**- तहसील की पिपरिया ग्राम पंचायत सुर्खियों में बनी हुई है. ग्राम पंचायत की नवंबर माह की महत्वपूर्ण ग्रामसभा नहीं ली गई है. इस माह में ग्रामसभा लेना अनिवार्य था. अर्द्धवार्षिक जमा-खर्च रिपोर्ट पेश करना भी अति आवश्यक था. लेकिन सरपंच-सचिव ने ऐसा नहीं किया. इसके बाद वार्षिक जमा खर्च रिपोर्ट मई माह में ग्रामसभा का आयोजन कर इसमें पेश किया जाना था. इस विषय को लेकर 31 मई को ग्राम सभा रखी गई, लेकिन वह कोरम के अभाव में स्थगित कर दी गई. यह सभा फिर से 7 जून को रखी गई, लेकिन उसमें जमा खर्च रिपोर्ट को पेश नहीं किया गया. आगामी ग्राम सभा में जमा खर्च रिपोर्ट पेश करने की जानकारी देते हुए सरपंच अनिल कुमार सोयाम ने सभा को स्थगित कर दिया. ग्राम पंचायत अधिनियम अनुसार यह विषय अति महत्वपूर्ण है. लेकिन इस संबंध में पंचायत समिति विस्तार अधिकारी रवींद्र पराते से मौखिक चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि यह कोई बड़ा मामला नहीं है. किसी भी वक्त जमा-खर्च रिपोर्ट पेश की जा सकती है. इस बात को लेकर यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि पिपरिया ग्राम पंचायत में जो भी हो रहा है, वह पंचायत समिति विस्तार अधिकारी पराते के इशारे पर हो रहा है. क्योंकि जब यह प्रकरण सामने आया, तब जांच अधिकारी के रूप में पराते ही जांच करने पिपरिया पहुंचे थे. जांच पश्चात मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है. नवंबर 2023 में ग्राम पंचायत में लगभग 30 लाख रु. की अफरातफरी हुई है. उसकी जांच भी हो चुकी है. लेकिन अभी तक जांच अधिकारी रवींद्र पराते ने रिपोर्ट जि.प. सीईओ को पेश नहीं की है. नागरिकों के सामने पोल खुलने के डर से जमा-खर्च रिपोर्ट पेश नहीं की गई है.

# गालीगलौज कर दी मारने की धमकी

**गोंदिया**-तिरोड़ा थाने के तहत बेलाटी खुर्द निवासी फिर्यादी ललित मानिक कटरे (42) यह अपने भाई के साथ खेत में गया. इस दौरान खेत में मेड़ पर जेसीबी से मिट्टी डाली हुई दिखाई दी. फिर्यादी ने मिट्टी किसने डाला ऐसा पूछने पर आरोपी ने साठगांठ कर गालीगलौज कर मारपीट करने की धमकी दी.

# 9 अगस्त को जिले में विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा : करण टेकाम

### विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठनों की बैठक



**गोंदिया**-9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस जिला स्तर पर हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए जिले के विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा गोंदिया शिक्षक सोसायटी में नेशनल आदिवासी पिपल्स फेडरेशन के सचिव दुर्गाप्रसाद कोकोडे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी. इस अवसर पर आदिवासी पिपल्स फेडरेशन जिला अध्यक्ष करण टेकाम, गोंडवाना मित्र मंडल अध्यक्ष जी.जी. तोडसाम, नेशनल आदिवासी महिला पिपल्स फेडरेशन अध्यक्ष छाया टेकाम, मुरारी पंधरे प्रमुख रूप से उपस्थित थे. गोंदिया में विश्व आदिवासी दिवस पर ग्रामीण व सभी तहसील स्तर से आदिवासी समाज संगठन, कर्मचारी, विद्यार्थी, महिला, किसान, व्यावसायिक ऐसे 60,000 से 70,000 आदिवासी सामुदायिकों का जमावड़ा कर आदिवासी रैली, संस्कृति, कला, संगीत, वाद्य, नृत्य के साथ आदिवासी दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा. आदिवासी समाज की ओर से नवनियुक्त सांसद डा. एन.डी. किरसान, डा. प्रशांत पडोले का सत्कार, कब्जे, लंबित वन अधिकार पट्टों, गैर-आदिवासी समुदाय को आदिवासी समुदाय द्वारा अतिक्रमण की गई भूमि का पता लगाने और उसे समुदाय को वापस दिलाने, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर आदिवासी महिलाओं का शोषण, किसानों की लूट, कर्मचारियों के साथ अन्याय, बेरोजगारों की समस्या, छात्रों का शोषण, जल, जंगल और जमीन से बेदखली, झूठे दस्तावेजों से आदिवासी बेरोजगारों के हक पर डाका डालने वाले फर्जी लुटेरों का गिरोह, गतिरोध बहुसंख्यक पदों पर भर्ती, ऐसे कई विषयों पर चर्चा की गई. इस दौरान सर्वसम्मति से पिछले 5 से 10 वर्षों में आदिवासी समाज की समस्याओं, लड़ाई की सफलता-असफलता और कानूनी मुद्दों को जानकर अगली लड़ाई का निर्धारण करने का निर्णय लिया गया. इस अवसर पर जगदीश मडावी, प्रमिला सिंद्राम, शिला उइके, अनिल वट्टी, पी.बी. टेकाम, राहुल येल्ले, नीलकंठ चिचाम, शामराव उइके, संगीता पुसाम, दिलीप धुर्वे, लक्ष्मण पंधरे, भाग्यश्री सयाम, ममता नागभिरे, डिलेश्वरी मरस्कोल्हे, नंदकिशोर उइके, जितेंद्र तुमडाम, राजकुमार गेडाम, बारेलाल वरखडे, मधुसूदन उइके, टी.जी. कोडापे, योगेश इलपाचे, दिनेश मडावी, लोकेश वट्टी, खुशरंग भलावी, रविद्र किरसान, राजकुमार टालटे, राकेश कुंभरे, प्रल्हाद टेकाम, मनोहर मडावी, संतोष मडावी, बाबुलाल मडावी आदि उपस्थित थे. संचालन अनिल वट्टी ने किया व आभार नीलकंठ चिचाम ने माना.

# गोदाम से 1,74,600 लाख रु. के धान चोरी

**गोंदिया**-रावणवाड़ी थाने के तहत ग्राम छिपीया के कच्चे निर्माण व टिन के शेड के गोदाम में धान रखा हुआ था. जिसका शटर का लॉक तोड़कर अज्ञात व्यक्तियों ने लगभग 200 धान के बोरे चुरा लिए. जिसकी कीमत 1 लाख 74 हजार 600 रु. बताई गई है. परसवाड़ा निवासी फिर्यादी लेखराम जगन्नाथ हरिणखेडे (48) की शिकायत पर रावणवाड़ी पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

# जिले में स्कूलों की 200 कक्षाएं जर्जर कौलारू की छतों से बारिश का पानी रिसता



**गोंदिया**-दूरदराज के इलाकों में कई स्कूलों में अभी भी कौलारू या टिन शेड हैं. इन स्कूलों की मरम्मत की अनदेखी के कारण बरसात के दिनों में छतों से पानी टपकता है. जिले में जिला परिषद के कुल 1 हजार 645 स्कूल हैं और लाखों छात्र पढ़ते हैं, लेकिन आज गोंदिया जिले में 200 कक्षाएं जर्जर हैं. यहां 183 क्लास रूम की जरूरत है, इन क्लास रूम की मरम्मत के लिए 27 करोड़ के फंड की जरूरत है. वर्तमान में जिले में हजारों छात्र-छात्राएं ऐसे गंदगी भरे कक्षाओं में पढ़ाई कर रहे हैं. लेकिन ऐसे स्कूलों में बच्चों को पढ़ने के लिए भेजना खतरनाक है. ऐसे स्कूलों में विद्यार्थी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे हैं. लेकिन माता-पिता अपने बच्चों को इस तरह भेजने से चिंतित हैं. अधिकांश स्थानों पर कक्षाओं का निर्माण भी कराया जा रहा है. कुछ स्कूल इमारतों में कौलारू या टिन की छतें हैं. ऐसे इमारत के कौलारू को हटाया जा रहा है और उस स्थान पर टिन ठोका जा रहा है.

### उपलब्ध नहीं हुई मरम्मत की धनराशि

गोंदिया जिले में 200 कक्षाएं जर्जर स्थिति में हैं और उन स्कूलों की मरम्मत के लिए 27 करोड़ रु. के फंड की आवश्यकता है. जिलेवासियों का सवाल है कि सरकार यह फंड कब उपलब्ध कराएगी. इस बात पर अफसोस जताया जा रहा है कि गरीब के बच्चों के स्कूल को सरकार फंड नहीं दे रही है.

### सुधार के लिए 27 करोड़ रु. की जरूरत

स्कूलों और कक्षाओं की मरम्मत के लिए कुल 27 करोड़ रु. की आवश्यकता है और मरम्मत के लिए जिला योजना समिति को निधि उपलब्ध होती रहती है.

# एक देश, एक लाइसेंस को प्राथमिकता



**गोंदिया** -जिला व्यापारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने नागपुर में बी.सी. भरतीया के निवास पर दिल्ली के चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल से मुलाकात कर उनका सत्कार किया. इस दौरान फेडरेशन की ओर से सांसद को अभिनंदन पत्र सौंपा गया. साथ ही फेडरेशन का वार्षिक कैलेंडर भेंट किया गया.

सांसद ने कैलेंडर की सराहना की. व्यापारियों के साथ चर्चा में खंडेलवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व्यापारी हित में कई कदम उठाए गए हैं और आगे भी यह प्रयास जारी रहेंगे. उनका प्रयास रहेगा कि पूरे देश में एक ही व्यापार लाइसेंस एवं व्यापारियों के हित वाले सभी कानूनों को लागू कराया जाए. खंडेलवाल ने आगे कहा कि वे 8 करोड़ व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं. उन्हें व्यापारियों के विश्वास पर खरा उतरना है. यहां बता दें कि खंडेलवाल कंफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महासचिव हैं. इस दौरान फेडरेशन अध्यक्ष किरणकुमार मुंदड़ा, महासचिव अपूर्व अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुंदनानी, कोषाध्यक्ष शंकर अग्रवाल, सचिव राजकुमार तिवारी, सदस्य ताराचंद खोडेचा उपस्थित थे.

# 3 दिनों से नहीं आ रहा नलों में पानी

**तुमसर** - शहर में दुर्गानगर, श्रीरामनगर एवं विनोबानगर परिसर में पिछले 3 दिनों से नलों में पानी नहीं आने के कारण नागरिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. बावजूद इसके नगर पालिका का जल वितरण विभाग समस्या का निराकरण नहीं कर रहा है. जानकारी के अनुसार नलयोजना के विद्यत पंप की वाइंडिंग जल जाने के कारण जलापूर्ति ठप हो गई है. फलत: श्रीराम नगर, दुर्गानगर में नागरिकों को पानी का वितरण नहीं किया गया है.ज्ञात हो कि इसके 15 दिन पूर्व पाइप लाइन फूट जाने की वजह नागरिकों को 5 दिनों तक नलों से पीने का पानी नहीं मिला था. नियमित तौर पर पीने का पानी मिलना नागरिकों का मूलभूत अधिकार है. लेकिन नगर प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है.नियमित तौर पर पानी बिल अदा करने बाद भी बार-बार जलापूर्ति खंडित की जा रही है. नागरिकों का कहना है कि न. प. प्रशासन जल वितरण में आई समस्या का जल्द से जल्द निपटारा करें ताकि पेयजल की समस्या को लेकर लोगों में आक्रोश न पैदा हो. श्रीरामनगर एवं दुर्गानगर के नागरिकों ने नियमित तौर पर जल वितरण करने की मांग नगर परिषद से की है.

# मुस्लिम बंधुओं ने भाईचारा व अमन-शांति की मांगी दुआएं




**गोंदिया**-ईद-उल-अजहा (ईद) पर सोमवार सुबह 8.30 बजे शहर के बालाघाट रोड स्थित ईदगाह मैदान पर शहर के मुस्लिम बंधुओं ने नमाज अदाकर एकता, भाईचारा और अमन-शांति की दुआएं मांगी. इसके पूर्व सुबह 8 बजे से ही मुस्लिम बंधुओं, नवयुवक व बच्चो का ईदगाह में आना शुरू हो गया था. इस समय समाज के शिष्टाचार का पालन करते हुए जमीन पर कारपेट व चद्दर की बिछायत पर शांतिपूर्वक तरीके से नमाज अदा की. इस अवसर पर अपने ज्ञानात्मक संदेश को आगे कहते हुए हजरत मौलाना मुफ्ती ने कहा कि आज के कुर्बानी के दिन पर जब हम कुर्बानी पेश करे तो अल्लाह आप वहां पर मौजूद रहा करें. साथ ही हमें हर बात पर अमल करने का मौका दें. नमाज अदा करने के बाद समाज की रीतिरिवाज अनुसार ईद की बधाई एक-दूसरे को देते हुए आपस में गले मिलकर मुबारक बाद दी. इस अवसर पर ईदगाह मैदान पर पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त रखा गया था. नमाज अदा करने के बाद पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने भी मुस्लिम बंधुओं को ईद की मुबारकबाद दी. आयोजन को सफल बनाने में मुस्लिम जमात के सदर जावेद खान, चांद कमेटी के सदर हाजी जमील, जावेद खान, सादिक भाई व रफिक खान ने प्रयास किया. आभार रफिक खान ने माना.

# विधानसभा चुनाव में दिखेगा बदला हुआ चित्र
# राष्ट्रवादी 85 से 90 सीटों पर लड़ेंगी चुनाव - प्रफुल्ल पटेल

**बुलंद गोंदिया।** राष्ट्रवादी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व सांसद प्रफुल्ल पटेल द्वारा गोंदिया के एनएमडी कॉलेज के सभागृह में आयोजित पत्र परिषद में चर्चा करते हुए जानकारी दी कि लोकसभा चुनाव में विरोधियों द्वारा संविधान बदलने का दुष्प्रचार किया गया जिसका खामियाजा तथा महायुती को अपेक्षाकृत सफलता नहीं मिली, लेकिन राज्य के विधानसभा चुनाव में चित्र बदला हुआ दिखाई देना तथा महायुती को भारी सफलता मिलेगी तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस राज्य में 85 से 90 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। गौरतलब है की लोकसभा चुनाव परिणाम के पश्चात गोंदिया जिले में पत्रकारों के साथ एनएमडी कॉलेज के सभागृह में चर्चा करते हुए सांसद प्रफुल्ल पटेल द्वारा विभिन्न विषयों पर खुलकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के 400 पार के नारे को लेकर विरोधियों द्वारा संविधान बदलने की बात कहकर एक नकारात्मकता मतदाताओं के बीच निर्माण की जिससे एनडीए को आशा अनुरूप सफलता नहीं मिल पाइ किंतु फिर भी एनडीए बहुमत में पहुंचा वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने तथा उनके नेतृत्व में गत 10 वर्षों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं आम नागरिकों की हित की जो उन तक पहुंची है। आगामी कुछ ही महीना में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में महायुति का प्रदर्शन शानदार



होगा तथा राज्य का चित्र बदला हुआ दिखाई देगा एकीकृत राष्ट्वादी के 57 विधायक थे इसके अनुरूप राज्य में 85 से 90 सीटों पर राष्ट्वादी कांग्रेस चुनाव लड़ेंगी सभी राजनीतिक दलों को 288 सीटों की तैयारी करनी चाहिए।

## मैं ही बनुंगा केंद्रीय मंत्री

केंद्र की एनडीए सरकार में राष्ट्वादी के कोटे से जब भी मंत्री बनाया जाएगा तो उसमें मंत्री में ही बनुगा तथा यह सही समय पर एक सही निर्णय होगा।

## देश का संविधान कोई नहीं बदल सकता

लोकसभा चुनाव के दौरान विरोधियों द्वारा भाजपा के 400 पार नारे पर संविधान बदलने का दुष्प्रचार किया गया था लेकिन डॉक्टर बाबासाहेब द्वारा बनाया गया संविधान देश का एक मजबूत स्तंभ है। जिसे कोई भी नहीं बदल सकता तथा लोकसभा में 100 से अधिक एससी, एसटी लोकसभा सदस्य है।

यदि कभी यह स्थिति निर्माण होती तो क्या वह सदस्य चुप बैठते तथा राष्ट्वादी कांग्रेस शाहू, फूले,आंबेडकर की विचारधारा को मानने वाला पक्ष है जिससे राष्ट्वादी भी इसका समर्थन नहीं करता यह सिर्फ विरोधियों द्वारा फैलाया गया एक दुष्प्रचार था। राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं शरद पवार द्वारा गत दिनों दिए गए बयान जिसमें छोड़कर जाने वालों के लिए दरवाजे बंद के संदर्भ में प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है समय के अनुसार स्थिति वह परीस्थिति बदलते रहती है।

## विजयी सांसदों को शुभकामनाएं

भंडारा - गोंदिया लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विजयी सांसद प्रशांतपडोले वह गडचिरोली से विजयी डॉक्टर नामदेवराव किरसान को शुभकामना दी वह कहा कि दोनों सांसदों द्वारा जिले के विकास कार्यों में सफल हो उनकी कामना है। गोंदिया विधानसभा पर राष्ट्वादी करेंगी दावा लोकसभा चुनाव में गोंदिया व तिरोडा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार को बढ़त मिली थी जिसमें राष्ट्वादी कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान था तथा आगामी विधानसभा में गोंदिया विधानसभा पर राष्ट्वादी कांग्रेस द्वारा अपना दावा कर उम्मीदवार उतरेंगे किंतु यह महायुती में चर्चा के पश्चात ही तय होगा।

# राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर एनएसयूआई गोंदिया ने नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में चलाया हस्ताक्षर अभियान




**बुलंद गोंदिया।** देश में नीट परीक्षा में धांधली से प्रभावित 24 लाख छात्रों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर गोंदिया जिला एनएसयूआई द्वारा19 जून को, सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर गोंदिया शहर के सिविल लाईन स्थित ऑक्सीजन कोचिंग संस्थान के बाहर नीट परीक्षा में छात्रों के साथ हुई
धांधली के खिलाफ छात्रों के न्याय के लिये हस्ताक्षर अभियान का आयोजन एनएसयूआई गोंदिया जिला अध्यक्ष अमन तिगाला, एनएसयूआई गोंदिया शहर अध्यक्ष कृष्णा बिभार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर गोंदिया जिला एनएसयूआई द्वारा मांग कि गई है कि पूरे प्रकरण में निष्पक्ष तरीके से जांच की जाए और पुन: परीक्षा करवाई जाए हस्ताक्षर अभियान में ऑक्सीजन कोचिंग संस्थान के छात्र - छात्राओं के साथ एनएसयूआई गोंदिया जिला उपाध्यक्ष राहुल बावनथडे, जिला उपाध्यक्ष अमान रोघाटिया, जुनैद पठान, साकेत पांडे, जीत गौतम, सार्थक बोरकर, हर्ष ग्वालवंशी, सुमित महाजन, मंथन बोपचे, भावेश माहुले सहित अन्य एनएसयूआई के पदधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बीज प्रक्रिया करने के बाद ही धान की रोपाई करें: आडसुले
## कृषि संजीवनी पखवाड़े में किसानों को किया मार्गदर्शन

**गोंदिया**-खरीफ सीजन में पारंपरिक बीजों का उपयोग करने के साथ बीज प्रक्रिया करने के बाद ही धान की रोपाई करने की सलाह जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी तथा प्रकल्प संचालक आत्मा गोंदिया के अजित आडसुले ने दी। डॉ. पंजाबराव देशमुख की 125वीं जयंती के मौके पर गोंदिया तहसील कृषि अधिकारी कार्यालय की ओर से 17 जून से 1 जुलाई 2024 की कालावधि तक कृषि संजीवनी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत ग्राम धापेवाड़ा में ग्राम पंचायत कार्यालय के सभागृह में 17 जून को आयोजित कार्यक्रम में वे बतौर अध्यक्ष बोल रहे थे। इस दौरान बीज प्रक्रिया जनजागृति के विषय पर मार्गदर्शन किया गया। इस समय मंच पर सरपंच प्रकाश कटरे, उपसरपंच मारोती रहांगडाले, ग्रापं सदस्य डिलेश्वरी येरणे, तहसील कृषि अधिकारी पवन मेश्राम, मुनेश्वर ठाकुर, जे.टी. मेंडे, टी.एस. तुरकर, आर.जे. मंडल आद उपस्थित थे। इस समय तहसील कृषि अधिकारी मेश्राम ने किसानों को बीज प्रक्रिया का महत्व समझाया। वहीं कृषि अधिकारी मुनेश्वर ठाकरे ने सगुना पद्धति से धान रोपाई, श्री पद्धति व पट्टा पद्धति से धान रोपाई कैसे करने, उसके लाभ बताए। जे.टी मंडे, आर.जे. मंडल ने भी किसानों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कृषि पर्यवेक्षक टी.एस. तुरकर ने किया।

# कर्मचारी और युवाओं ने की मंदिर परिसर की सफाई



**लाखांदुर**-पूर्व विदर्भ में हजारों भक्तों की श्रध्दास्थान समझे जाने वाले तहसील के ग्राम चारभट्टी / पुयार स्थित हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार, 15 जून को सुबह तहसील के विभिन्न सरकारी कर्मचारियों समेत युवाओं ने साफ सफाई की है। ग्राम चारभट्टी / पुयार में जागरूक हनुमान मंदिर है। इस मंदिर में पूजा के लिए हमेशा श्रध्दालुओं की भीड़ उमड़ती है। इस मंदिर में भंडारा, गोंदिया, गड़चिरोली, चंद्रपुर, नागपुर और पूर्वी विदर्भ के कुछ जिलों से भक्त नियमित रूप से पूजा करने के लिए आते हैं। यह मंदिर जंगल के बीच होने से यहां शनिवार के दिन विशेष श्रध्दालुओं की भीड़ होती है। इसी बीच मंदिर में पूजा के लिए आए श्रध्दालु सामूहिक भोजन समेत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। इससे परिसर में कचरा होता है। इस कचरे की साफ सफाई करने के निए लाखांदुर तहसील के विभिन्न विभाग के सरकारी कर्मचारियों समेत गांव के युवाओं ने मिलकर मंदिर परिसर की सफाई की।

# नेटवर्क समस्या से कामकाज में बाधा

**सालेकसा**-ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में इन दिनों स्लो इंटरनेट स्पीड व नेटवर्क की गंभीर समस्या बन गई है. पिछले अनेक दिनों से कवरेज नहीं मिल पाने के कारण तहसील के मोबाइलधारक पूरी तरह त्रस्त हो गए हैं. रिचार्ज भरने के बाद माह में 4-5 दिन बराबर नेट चलता है. लेकिन इसके बाद ज्यों की त्यों स्थिति बनी रहती है. दिन भर में कुछ ही समय नेट चलता है व बातचीत होती है. उपभोक्ताओं की ओर से 3 माह के लिए 600 से 700 रु. अदा करने पर कवरेज व बराबर नेट नहीं मिलता और बेवजह रिचार्ज के पैसे खत्म हो जाते हैं. इसे सुधारने की मांग की जा रही है.



# बोदलकसा जलाशय में नौका विहार की सुविधा शुरु की जाए



**बरबसपुरा**- तिरोड़ा तहसील मुख्यालय से महज 12 कि.मी. की दूरी पर बोदलकसा जलाशय जो पर्यटन स्थल बन गया है. समीप ही सुकड़ी डाकराम स्थित पुरातन श्री चक्रधर स्वामी का धार्मिक स्थल है. कुछ वर्ष पहले पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने बोदलकसा को अव्वल दर्जे का पर्यटन स्थल बनाने के लिए सांसद प्रफुल्ल पटेल का ध्यान आकर्षित कराया था. सांसद पटेल ने जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं व्यवसाय उपलब्ध कराने तथा इस पर्यटन स्थल पर बाहरी लोगों का आवागमन बढ़ाने के उद्देश्य से इसके विकास पर ध्यान केंद्रित कर इसे महाराष्ट्र पर्यटन विकास महामंडल के माध्यम से विकसित कराया है. बोदलकसा महाराष्ट्र का एक अव्वल दर्जे का पर्यटन स्थल बन चुका है. यहां पर्यटकों के लिए ठहरने, भोजन एवं भ्रमण के लिए उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है. लेकिन यहां अभी तक पर्यटकों के लिए बोटिंग की सुविधा प्रारंभ नहीं की गई है.

इस वजह से यहां आने वाले पर्यटकों की इच्छा अधूरी रह जाती है. इस संबंध में जिला राष्ट्वादी युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष डॉ. संदीप मेश्राम ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर बोटिंग की सुविधा प्रारंभ कराने का आग्रह किया है. यहां बोटिंग शुरु होने पर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी. सैकड़ों युवाओं तथा नागरिकों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे. इस दौरान जिला राकांपा अध्यक्ष प्रेमकुमार रहांगडाले, तिरोड़ा तहसील अध्यक्ष कैलाश पटले एवं मनोज डोंगरे आदि उपस्थित थे.

## जाहिर सुचना

श्री तुलसीदास मोतीराम गोपलानी इनके नाम से नगर परिषद रिकार्ड में नाम दर्ज है। जिसका वार्ड क्रमांक 15, वार्ड का नाम सिंधी कालोनी मालमत्ता क्रमांक 31/107 है। उक्त मालमत्ता धारक का निधन दिनांक 15/08/2000 को हो चुका है। इनके निधन उपरांत इनके वारस 1) जेठानंद तुलसीदास गोपलानी इन्होने वारसान आधार पर हस्तांतरण हेतु आवेदन सादर किया है। हस्तांतरण पर आक्षेप हो तो यह सुचना प्रकाशित होने के पश्चात 15 दिन के भितर अपना आक्षेप इस कार्यालय में प्रमाणित दस्तावेज सहित सादर करेंगे। आक्षेप प्राप्त न होने पर हस्तांतरण की कार्यवाही की जायेगी ।

**मुख्य अधिकारी**
**नगर परिषद गोंदिया**

## पत्थर से मारकर किया घायल

**गोंदिया**-सालेकसा थाने के तहत पाउलदौना निवासी फिर्यादी राधेश्याम पिछोडे (50) घर पर था. इसी बीच आरोपी लड़के से पूछा की दस दिन पहले बिक्री कुए हुए धान के पैसे कहां है, उसका हिसाब बता. जिस पर आरोपी ने मेरे पास पैसे नहीं है, मैंने वह पैसे खर्च कर दिए, ऐसा कहते हुए विवाद कर फिर्यादी को पत्थर से मारकर घायल कर दिया. फिर्यादी की शिकायत पर सालेकसा पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

# दर्रेकसा एरिया कमेटी प्लाटुन-1 के खूंखार 7 लाख का इनामी माओवादी संजय पुनेम ने जिलाधिकारी प्रजित नायर के समक्ष किया आत्म समर्पण गोंदिया जिला पुलिस विभाग की बड़ी सफलता



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले की विभिन्न नक्सलवादी गतिविधियों में शामिल संजय उर्फबीच्छेम सुकलू पूनेम उम्र 25 वर्ष निवासी पुसनार पुलिस स्टेशन तहसील गंगालूर जिला बीजापुर छत्तीसगढ़ निवासी खूंखार माओवादी ने गोंदिया के जिलाधिकारी प्रजित नायर के समक्ष आत्म समर्पण किया इस आत्मसमर्पण से गोंदिया पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पित माओवादी संजय उर्फ उर्फबीच्छेम सुकलू पूनेम यह वर्ष 2013 में गंगालुर दलम में शामिल होकर माड एरिया में कंपनी क्रमांक 7 व 10 में खूंखार माओवादी पहाड़ सिंह के अंगरक्षक के रूप में कार्य किया। इसके साथ ही गोंदिया जिले केदर्रेकसा एरिया कमिटी, प्लॉटून -1, व (सी.एन. एम.) चेतना नाट्य मंच में काम किया तथा उपरोक्त माओवादी वर्ष 2017-18 में प्लाटून एक में कार्यरत रहने के दौरान गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत मुरकुढोह, टेकाटोला तथा पुलिस थाना चीचगढ़ के अंतर्गत कोसबी जंगल परिसर में पुलिस व नक्सली मुठभेड़ में सक्रिय रूप से शामिल रहकर नक्सली गतिविधियों को अंजाम दिया था। देश में माओवादी गतिविधिया पूर्ण रूप से प्रतिबंध हो वह अधिक से अधिक माओवादी आत्म समर्पण कर विकास की मुख्य धारा में शामिल हो तथा उनका सामाजिक आर्थिक पुनर्वासन हो इसके लिए महाराष्ट्र शासन के माध्यम से नक्सली आत्म समर्पण योजना चलाई जा रही है। गोंदिया जिले में जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले अपर पुलिस अधीक्षक देवरी कैंप नित्यानंद झा के मार्गदर्शन में माओवादी गतिविधियों लगाम लगाने तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाकर जनता व नागरिकों तक इसका लाभ देकर जन जागृति की जा रही है तथा माओवादियों द्वारा बरगलाने व विभिन्न प्रलोभन के जाल में न आने हिंसा का मार्ग छोड़ समाज की मुख्य धारा में शामिल होने का आवाहन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत गोंदिया जिला पुलिस द्वारा आत्म समर्पण के लिए किए गए आवाहन वह माओवादी संगठनों के द्वारा किए जाने वाले अत्याचारों से पीड़ित होकर माओवादी संगठन में सक्रिय रूप से शामिल 7 लाख के इनामी माओवादी संजय पूनेम द्वारा 3 जून 2024 को जिलाधिकारी गोंदिया प्रजित नायर, जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले , अपर पुलिस अधीक्षक नित्यनंद झा के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

# 6 माह में 25 ढाबों पर कार्रवाई
## राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारी सक्रिय

**गोंदिया**-बीयर की दूकानों, शराब की दूकानों, होटलों, ढाबों और कुछ रेस्तरां में स्वतंत्र रूप से पीने की अनुमति है. इसका लाइसेंस आबकारी विभाग से नहीं है. कई जगहों पर खुलेआम शराब पी जा रही है. कुछ ढाबे पर पीने के लिए नकली शराब भी उपलब्ध कराई जाती हैं. जिससे स्वास्थ्य को भी खतरा होता है. इसी वजह से पिछले छह महीने में 25 ढाबा होटलों पर कार्रवाई की गई. कदाचार पर अंकुश लगाने के लिए राज्य उत्पाद शुल्क विभाग सक्रिय हो गया है. विभाग की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी गई है, अब सिर्फ ढाबा मालिकों पर कार्रवाई होगी. जिससे ढाबा मालिक परेशान हैं. जनवरी से जून तक छह माह में 25 ढाबों पर कार्रवाई की गई है. यह अभियान लगातार चलाया जाएगा. यदि कोई ढाबा मालिक ग्राहकों को बिना अनुमति के भोजन के साथ शराब पीने की अनुमति देता है, तो उसे 50,000 रु. तक का जुर्माना या पांच साल की कैद हो सकती है. इसलिए अब ढाबा मालिकों को अपने ढाबे या होटल में बिना अनुमति के शराब पीने वालों पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए अन्यथा कार्रवाई हो सकती है. बिना अनुमति के ढाबों और होटलों में शराब पीने वालों पर जुर्माना भी लगाया जा रहा है. कानून में ऐसे व्यक्ति पर कम से कम पांच हजार रु. का जुर्माना लगाने का प्रावधान है. भले ही जुर्माना शराब की कीमत से ज्यादा हो, फिर भी लोग इसे पीते हैं. उन लोगों के खिलाफ महाराष्ट्र शराब अधिनियम की धारा 68, 84 के तहत कार्रवाई की जा रही है.

# शिक्षकों की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**गोंदिया**-सामाजिक न्याय व विशेष सहायता विभाग के अंतर्गत गोंदिया जिले में कार्यरत लड़के लड़कियों की शासकीय आवासीय विद्यालय नंगपुरा (मुर्री), डव्वा व सरांडी के विद्यालयों में नियमित रूप से कक्षा 6वीं से 10वीं तक के पाठ्यक्रम के सरकारी आवासीय विद्यालयों में प्रवेशित बच्चों का नुकसान न हो इसलिए नियमित शिक्षकों की नियुक्ति होने तक आवासीय विद्यालयों में प्रति घंटा के आधार पर (पूर्णतया अस्थायी) सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी. इस प्रयोजन के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. सहायक आयुक्त विनोद मोहतुरे ने बताया है कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त समाज कल्याण गोंदिया में उपलब्ध रहेगी. इसके लिए इच्छुक प्रशिक्षु उम्मीदवारों को सभी दस्तावेजों के साथ 22 जून 2024 तक संबंधित सरकारी आवासीय विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन जमा करना होगा. अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी. साक्षात्कार के लिए 24 जून को सुबह 10.30 बजे अनुसूचित जाति और नव-बौद्ध लड़कों के के लिए सरकारी आवासीय विद्यालय, नंगपुरा (मुरी) तहसील जिला गोंदिया में सभी मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।